# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
## पंतनगर, जिला–ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)
### पंतनगर कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय 'डा. अम्बेडकर चेयर' का सम्मान

पंतनगर। 16 अक्टूबर 2025। डा. अम्बेडकर फाउंडेशन, सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025 में तीन 'डा. अम्बेडकर चेयर' की स्थापना की गयी। इस महत्पूर्ण चेयर के लिए इस वर्ष तीन अतिसम्मानित संस्थाओं यथा मुंबई विश्वविद्यालय, जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी और गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर को चुना गया। यह एक गौरव की एक कृषि विश्वविद्यालय को प्रथम बार डा. अम्बेटकर के लिए चुना गया है और देश के 71 कृषि विश्वविद्यालयों में पंतनगर विश्वविद्यालय को यह सम्मान विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान के नेतृत्व में प्राप्त हुआ है। डा. अम्बेडकर फाउंडेशन द्वारा आयोजित एमओयू हस्ताक्षर कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान, कुलसचिव डा. दीपा विनय, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डा. सुभाष चंद्र एवं अधिष्ठाता सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय डा. अलका गोयल ने प्रतिभाग किया। यह चेयर डा. अलका गोयल एवं उनकी टीम के अथक परिश्रम से प्राप्त हुई है।

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा 'डा. अम्बेडकर चेयर' के प्रस्ताव की पहल का उद्देश्य सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण पर 'डा. अम्बेडकर' के विचारों के अध्ययन और प्रसार को बढ़ावा देना है। यह पहल उत्तराखंड राज्य के अनुसूचित जातियों, अनुसूचित (एससी), जनजातियों (एसटी) और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के सामने कृषि और सामुदायिक विज्ञान क्षेत्र में आने वाली समकालीन समस्याओं का अध्ययन करने और नितिगत सिफारिशें तैयार करने के लिए लक्षित होगी। विश्वविद्यालय में 'डा. अंबेडकर चेयर' का विचार बाबासाहेब डा. भीम राव अंबेडकर के कृषि भूमि के राष्ट्रीयकरण और सामूहिक खेती के सुझाव पर आधारित है, जिसमें उनके द्वारा सामाजिक शोषण और किसानों की गरीबी जैसी समस्याओं के समाधान के रूप पर जोर दिया गया था। 'डा. अंबेडकर चेयर' के अंतर्गत विश्वविद्यालय को प्राध्यापक का एक पद, सहायक प्राध्यापक एवं रिसर्च एसोशिएट प्रत्येक के दो पद के साथ शोध कार्यक्रमों के संचालन हेतु धनराशि प्राप्त होगी। इस चेयर के अंतर्गत सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय, कृषि महाविद्यालय, प्रौद्योगिकी महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय पुस्तकालय में विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन किया जायेगा।

विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने 'डा. अम्बेटकर चेयर' के प्राप्त होने पर विश्वविद्यालय के सभी संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी है।




